RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 86 • 11:04:2024 • गुरुवार • मूल्य : 5/-

## तृतीय दिवस



### तृतीय चंद्रघंटा

देवी मां के तृतीय ईश्वरीय स्वरूप का नाम मां चन्द्रघण्टा है।'चंद्र' हमारी बदलती हुई भावनाओं, विचारों का प्रतीक है (ठीक वैसे ही जैसे चन्द्रमा घटता व बढ़ता रहता है)। 'घंटा' का अर्थ है जैसे मंदिर के घण्टे-घड़ियाल।

## गिरफ्तारी-रिमांड के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे केजरीवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शराब नीति घोटाले में 21 मार्च को हुई मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को सही ठहराया था। इस फैसले के खिलाफ अब बुधवार को केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमें सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने की उम्मीद है। केजरीवाल की ओर से एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा यह याचिका दिल्ली के मुख्यमंत्री के संबंध में है और अर्जेंट है। गिरफ्तारी का आधार ऐसे दस्तावेज थे, जिन पर भरोसा नहीं किया जा



सकता। इस पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा- हमें ई-मेल कर दीजिए फिर हम देखेंगे। दिल्ली हाईकोर्ट ने 9 अप्रैल को कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हमारे सामने पर्याप्त सबूत पेश किए। हमने बयानों को देखा, जो बताते हैं कि गोवा के चुनाव के लिए पैसा भेजा गया था। हाईकोर्ट ने ये भी कहा कि हमें संवैधानिक नैतिकता की फिक्र है, ना कि राजनीतिक नैतिकता की। मौजूदा केस केंद्र और केजरीवाल के बीच नहीं है। यह केस केजरीवाल और ईडी के बीच है। हाईकोर्ट ने कहा कि ईडी ने कानूनी प्रक्रिया का पालन किया। उसके पास हवाला ऑपरेटर्स और एएपी कैंडीडेट के बयान हैं।

## भाजपा ने यूपी से बंगाल तक एक बार फिर चौंकाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने अपने उम्मीदवारों की 10वीं सूची भी जारी कर दी। इस लिस्ट में 9 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया है। बीजेपी ने 10वीं लिस्ट में यूपी समेत तीन राज्यों को लेकर घोषणा की। बीजेपी ने कैंडीडेट्स की नई लिस्ट में फिर से नो रिपीट पॉलिसी को अपनाया है। 9 में से 8 नए चेहरे हैं। यूपी की सभी सातों सीटों पर नए चेहरों पर दांव लगाया है। बलिया से सिटिंग सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त और चंडीगढ़ सांसद किरण खेर का टिकट कटा




है। बीजेपी ने यूपी की सात सीटों के अलावा चंडीगढ़ और पश्चिम बंगाल की हॉट सीट आसनसोल से अपने उम्मीदवारों को बदल दिया है। पार्टी ने पहले आसनसोल से भोजपुरी स्टार पवन सिंह को मैदान में उतारा था, लेकिन उनके मना करने के बाद इस सीट से एसएस अहलूवालिया को उतारा गया है। आसनसोल से जब पवन सिंह का नाम सामने आया था तो भोजपुरी स्टार ने 24 घंटे के भीतर ही यह घोषणा करके सभी को चौंका दिया वे किसी कारणवश चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर आसनसोल सीट के लिए खुद का नाम प्रस्तावित होने के लिए बीजेपी हाईकमान का शुक्रिया भी अदा किया था।

# जल, थल, नभ... अब हर तरफ से घिरेगा चीन

● अंडमान निकोबार में भी बड़ी तैयारी, युद्ध छेड़ा तो धूल चाटेगा चीन ● इस द्वीप समूह में जोरों पर चल रहे सामरिक सुविधाएं बढ़ाने के काम ● हवाई पट्टी से लेकर सैन्य भंडारण तक, इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी है ध्यान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिहाज से बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने सैन्य सुधारों के क्रम में सेना के लिए जरूरी बुनियादी ढांचों का तेजी से विकास करने पर फोकस किया है। सेना को ज्यादा से ज्यादा मजबूत करने के लक्ष्य से ही सरकार अंडमान निकोबार द्वीप समूह में जबर्दस्त सैन्य बुनियादी ढांचों का निर्माण कर रही है। यह खासकर चीन के मद्देनजर बड़ी रणनीतिक योजना के तहत हो रहा है। अंग्रेजी न्यूज वेबसाइट ने वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट दी है कि हवाई क्षेत्रों के कायाकल्प से लेकर अतिरिक्त रसद और भंडारण सुविधाओं तक तो सैनिकों के लिए आवास से लेकर निगरानी के मजबूत बुनियादी ढांचे तक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का सामरिक महत्व काफी बढ़ने वाला है। इस द्वीप पर अतिरिक्त सैन्य बलों की तैनाती, ज्यादा संख्या में बड़े-बड़े युद्धपोतों, विमानों, मिसाइल बैटरियों और सैनिकों के लिए सुविधाओं के लिहाज से इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हो रहा है।

बड़े पैमाने पर चल रही निर्माण गतिविधियों के साथ-साथ भारत सरकार 55 किमी उत्तर में स्थित म्यांमार के कोको द्वीप समूह में भी सैन्य सुविधा का निर्माण कर रही है। ध्यान रखने बात है कि अंडमान और निकोबार कमान (एएनसी) द्वीप समूह में पहली और एकमात्र ट्राइ सर्विस कमान है। सेना के तीनों अंगों से मिलकर बने इस कमान की स्थापना 2001 में हुई थी। सूत्रों ने बताया कि एक महत्वपूर्ण नौसैनिक हवाई अड्डे पर हवाई पट्टी की लंबाई बढ़ाने का काम तेजी से हो रहा ताकि वहां और लड़ाकू जेट जैसे बड़े विमानों को उतारा जा सके। वहीं, द्वीपों के उत्तर से दक्षिण में पोर्ट ब्लेयर तक की सड़क को आधुनिक रूप दिया जा रहा है। इसके अलावा, लड़ाकू स्क्वाड्रन रखने के लिए और लंबी अवधि के लिए वायुसेना के एक स्टेशन को अपग्रेड किया जा रहा है। इसमें रनवे को लगभग 3,000 मीटर तक विस्तारित करने और मिलिट्री एसेट्स के रखरखाव के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने की योजना शामिल है। दूसरी तरफ, कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल भी बनाया जा रहा है।

## जेल में केजरीवाल, दिल्ली में 'आप' मंत्री ने छोड़ा साथ

मंत्री राजकुमार आनंद ने दिया इस्तीफा, एएपी भी छोड़ी

**कहा-मुझे कहीं से ऑफर नहीं; पिछले साल रेड पड़ी थी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने बुधवार को मंत्री पद और आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने कहा, मुझे कहीं



से भी ऑफर नहीं मिला हैं। उन्होंने कहा, मैं आज बहुत व्यथित हूं। राजनीति बदलेगी तो देश बदलेगा। आम आदमी पार्टी का जन्म भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से हुआ था। आज ये पार्टी खुद भ्रष्टाचार के दलदल में फंस चुकी है। उन्होंने कहा, मेरे लिए मंत्री पद पर रहकर इस सरकार में काम करना असहज हो गया है। इसलिए मैं मंत्री पद और पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं, क्योंकि मैं इन भ्रष्ट आचरणों में अपना नाम नहीं जुड़वाना चाहता हूं। शराब नीति केस में दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया तिहाड़ में बंद हैं। पार्टी नेता संजय सिंह 6 महीने बाद 4 अप्रैल को जमानत पर रिहा हुए हैं। राजकुमार ने कहा कि,क्क में दलित विधायकों या पार्षदों का कोई सम्मान नहीं होता है। दलितों को प्रमुख पदों पर जगह नहीं दी जाती है। मैं बाबा साहब अंबेडकर के सिद्धांत पर चलने वाला व्यक्ति हूं। अगर दलितों के लिए ही काम नहीं कर पाया तो फिर पार्टी में रहने का कोई मतलब नहीं है राजकुमार आनंद के इस्तीफे के बाद संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

## पतंजलि विज्ञापन केस में रामदेव-बालकृष्ण का माफीनामा खारिज

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जानबूझकर हमारे आदेश की अवमानना की, कार्रवाई के लिए तैयार रहें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पतंजलि के विवादित विज्ञापन केस में बाबा रामदेव और बालकृष्ण के दूसरे माफीनामे को भी खारिज कर दिया। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच ने पतंजलि के वकील विपिन सांघी और मुकुल रोहतगी से कहा कि आपने जानबूझकर कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है, कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उत्तराखंड सरकार की ओर से ध्रुव मेहता और वंशजा शुक्ला ने एफिडेविट पढ़ा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- केंद्र से खत आता है कि आपके पास मामला है। कानून का पालन कीजिए। 6 बार ऐसा हुआ। बार-बार लाइसेंसिंग इंस्पेक्टर चुप रहे। इसके बाद जो आए, उन्होंने भी यही किया। तीनों अफसरों को तुरंत सस्पेंड किया जाना चाहिए।

## कोविड और वैक्सीनेशन के बाद कम हो गई इम्युनिटी

**बढ़ गया बीमारियों का खतरा, एम्स की एक्सपर्ट का दावा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना भले ही अब खत्म हो गया हो लेकिन इसके प्रभाव अब भी देखने को मिल रहे हैं। एम्स की पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. शिल्पा शर्मा का कहना है कि कोविड से ठीक हुए लोगों को भी कम हुई रोग प्रतिरोधक क्षमता की वजह से कई बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इसमें वायरल इन्फेक्शन, स्किन एलर्जी, पित्ताशय में दिक्कत शामिल हैं। डॉ. शिल्पा ने कहा, कोरोना और फिर वैक्सिनेशन के बाद लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो गई है जिसकी वजह से अकसर वायरल इन्फेक्शन और जुकाम की समस्या लोगों में बनी रहती है। अब यह 3 से चार दिनों में ठीक भी नहीं होता बल्कि सामान्य से ज्यादा समय ले लेता है। लोगों में अपेंडिसाइटिस की समस्या ज्यादा हो रही है। इसके अलावा कोलेसिस्टाइटिस और जलन की समस्या भी बढ़ गई है। इसके अलावा आर्टेकेरिया जैसी एलर्जी भी ज्यादा होती है। डॉ, शिल्पा ने कहा कि डिहाइड्रेशन की वजह से क्लॉट बनने के माले भी बढ़े हैं। उन्होंने कहा, आप सुनते होंगे कि जिम में अचनाक हार्ट अटैक आ गया।



## पवन सिंह ने लोकसभा चुनाव लड़ने का कर दिया ऐलान

● बिहार की काराकाट सीट पर उपेंद्र कुशवाहा को देंगे चुनौती

**रोहतास (एजेंसी)।** भोजपुरी सिंगर और एक्टर पवन सिंह ने बिहार के काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। पवन सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा- माता गुरुतरा भूमेरू अर्थात माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं और मैंने अपनी मां से वादा किया था की मैं इस बार चुनाव लड़ूंगा। मैंने निश्चय किया है कि मैं 2024 का लोकसभा चुनाव काराकाट, बिहार से लड़ूंगा। हालांकि पवन सिंह ने यह खुलासा नहीं किया है कि वह किस पार्टी के सिंबल पर काराकाट से चुनाव में उतरेंगे। एनडीए गठबंधन में काराकट लोकसभा सीट उपेंद्र कुशवाहा को गई है। पवन सिंह के मैदान में उतरने से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। वहीं महागठबंधन की तरफ से काराकाट सीट सीपीआई एमल के खाते में गई है। सीपीआई एमएल ने राजा राम सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वह इस वक्त ओबरा विधानसभा सीट से विधायक हैं।

## रेप, उत्पीड़न और जबरन कब्जे, सब जांच करे सीबीआई

**संदेशखाली केसः कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा-2 मई को फिर सुनवाई करेंगे, उस दिन एजेंसी सौंपे रिपोर्ट**

**कोलकाता (एजेंसी)।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी। अपने आदेश में कहा कि सीबीआई कोर्ट की निगरानी में जांच करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी। मामले की अगली सुनवाई अब 2 मई को होगी। संदेशखाली की महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर कथित रूप से यौन उत्पीड़न और जबरन जमीन कब्जे का आरोप लगाया है। मामले में शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार आरोपी हैं।

तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब राज्य की ममता बनर्जी सरकार सीबीआई जांच पर रोक नहीं लगा पाएगी। दरअसल, राज्य से जुड़े किसी भी मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की इन्क्वायरी के लिए राज्य सरकार से अनुमति लेनी होती है। पश्चिम बंगाल सरकार ने 16 नवंबर, 2018 को राज्य में जांच और छापेमारी करने के लिए



सीबीआई को दी गई 'सामान्य सहमति वापस ले ली थी। उस समय चिटफंड घोटाले को लेकर ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया था। इससे पहले कलकत्ता हाईकोर्ट ने 4 अप्रैल को कहा था कि संदेशखाली का 1 फीसदी सच भी शर्मनाक है। कोर्ट ने कहा था कि पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100 फीसदी जिम्मेदार है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है। संदेशखाली में शेख शाहजहां और उसके दो साथियों शिबू हाजरा और उत्तम सरदार पर आरोप है कि वे महिलाओं का लंबे समय से गैंगरेप कर रहे थे। इस केस में शिबू हाजरा, उत्तम सरदार, शाहजहां समेत 18 लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। शाहजहां शेख टीएमसी का डिस्ट्रिक्ट लेवल का नेता रहा है। राशन घोटाले में ईडी ने 5 जनवरी को उसके घर पर रेड की थी। तब उसके 200 से ज्यादा सपोर्टर्स ने टीम पर अटैक कर दिया था। अफसरों को जान बचाकर भागना पड़ा। उसके बाद शाहजहां फरार हो गया था। उसे 55 दिन बाद पकड़ा गया था। संदेशखाली में स्थानीय महिलाओं ने आरोप लगाए थे कि तृणमूल कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने हमारी जमीनें कब्जा ली हैं।

## इसरो के वैज्ञानिकों ने कर दिया कमाल, मिला सम्मान

चंद्रयान-3 की सफलता के 8 महीने बाद खुशखबरी

**अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए अब मिला प्रतिष्ठित पुरस्कार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बीते साल अगस्त में चंद्रयान-3 को चंद्रमा की सहत पर सॉफ्ट लैंड करा कर इतिहास रच दिया था। अब दुनियाभर में चंद्रयान-3 मिशन को ख्याति मिल रही है। भारत की चंद्रयान-3 मिशन टीम को अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए प्रतिष्ठित 2024 जॉन एल जैक स्विगर्ट जूनियर पुरस्कार मिला है। कोलोराडो में वार्षिक अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह के दौरान सोमवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ओर से ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत डी सी मंजूनाथ ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। स्पेस फाउंडेशन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाले पहले देश के रूप में, इसरो द्वारा विकसित मिशन चंद्रयान-3 मानवता की अंतरिक्ष अन्वेषण



आकांक्षाओं को समझ और सहयोग के लिए नए क्षेत्रों तक विस्तारित करता है।

स्पेस फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीदर प्रिंगल ने जनवरी में पुरस्कार की घोषणा के समय एक बयान में कहा था, अंतरिक्ष में भारत का नेतृत्व दुनिया के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा, संपूर्ण चंद्रयान-3 टीम के अग्रणी कार्य ने अंतरिक्ष अन्वेषण के स्तर को फिर से बढ़ा दिया है। उनकी उल्लेखनीय चंद्र लैंडिंग हम सभी के लिए एक मॉडल है। बधाई हो और हम यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि आप आगे क्या करते हैं! भारत ने पिछले साल अगस्त में मिशन चंद्रयान-3 के तहत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक 'सॉफ्ट लैंडिंग' कर इतिहास रच दिया था और चांद के इस क्षेत्र पर उतरने वाला वह दुनिया का पहला देश बन गया था।

## भ्रष्टाचार पर पहला कॉपीराइट डीएमके के पास है: प्रधानमंत्री

**पीएम मोदी ने स्टालिन और राहुल को जमकर घेरा**

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कच्चातिवू मुद्दे पर बुधवार को कांग्रेस और उसकी सहयोगी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों दलों ने इस मुद्दे पर देश को अंधेरे में रखा। 'शक्ति' को लेकर की गई टिप्पणी के लिए भी उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए महिलाओं के अपमान का आरोप लगाया। उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी द्रमुक पर निशाना साधा और कहा कि इस मुद्दे पर पहला कॉपीराइट सत्तारूढ़ पार्टी के पास है। साथ ही यह भी कहा कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के परिवार का इरादा राज्य को लूटने का है।



19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करते हुए उन्होंने यहां एक चुनावी रैली में कहा, ''भ्रष्टाचार पर द्रमुक का पहला कॉपीराइट है, पूरा परिवार तमिलनाडु को लूट रहा है।'' उन्होंने द्रमुक पर एक पारिवारिक कंपनी होने का आरोप लगाया, जो राज्य के युवाओं की पुरानी मानसिकता के साथ प्रगति में बाधा बन रही है। उन्होंने कहा, ''द्रमुक लोगों को भाषा, क्षेत्र, धर्म और जाति के आधार पर बांटती है। वह जानती है कि जिस दिन लोग इसे पहचान जाएंगे, उसे एक भी वोट नहीं मिलेगा।

# राजभवन की बैठक से केके पाठक का किनारा, राज्यपाल बोले- यूनिवर्सिटी में बाधा डाल रहा शिक्षा विभाग





**पटना, एजेंसी।** बिहार में राजभवन और शिक्षा विभाग के बीच टकराव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर द्वारा मंगलवार को आयोजित विश्वविद्यालयों के मुद्दों पर बैठक में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक फिर नहीं पहुंचे। इस मीटिंग में राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि बीते एक साल से राज्य के विश्वविद्यालयों में परीक्षाएं समय पर कराने एवं सत्र नियमित करने के लिए काफी प्रयास किए गए हैं।

इसके अच्छे परिणाम भी मिले हैं। मगर शिक्षा विभाग के पदाधिकारी उच्च शिक्षा को बाधित करने की नियत से यूनिवर्सिटी के सत्र को पटरी पर लाने समेत अन्य कार्यों में बाधा डाल रहे हैं। राज्यपाल ने आरोप लगाया कि विभाग के पदाधिकारी चाहते हैं कि बिहार की शिक्षा व्यवस्था फिर से पुरानी स्थिति में आ जाए। राज्यपाल आर्लेकर ने राजभवन में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि राजभवन एवं शिक्षा विभाग के आपसी समन्वय एवं एक साथ मिलकर प्रयत्न करने से ही बिहार के शैक्षिक वातावरण को बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने कुलपतियों को निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय एवं विद्यार्थियों के हित में कार्य करें। परीक्षाएं समय पर आयोजित कराई जाएं, ताकि बच्चों का भविष्य अंधकारमय नहीं हो।

### वीसी ने राज्यपाल से की केके पाठक की शिकायत

बैठक में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने एसीएस केके पाठक की शिकायत की। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के बैंक खातों के संचालन पर शिक्षा विभाग की ओर से रोक लगी दी गई है। इसके चलते वेतन एवं पेंशन, आयकर, बिजली बिल, भविष्य निधि, एनपीएस एवं दैनिक कार्यों के साथ-साथ परीक्षाओं के संचालन, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन आदि कार्य भी बाधित हैं। उन खातों के संचालन पर भी रोक लगा दी गई है, जिनमें सिर्फ विद्यार्थियों के पैसे हैं। इससे व्यावसायिक कोर्स के संचालन में भी दिक्कत आ रही है। विश्वविद्यालय की गतिविधियों का संपादन मुश्किल हो रहा है। बैठक में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को भी बुलाया गया था, पर वह उपस्थित नहीं हुए।

### विभाग को कार्रवाई करने का अधिकार नहीं

बैठक में कुलपतियों ने बताया कि शिक्षा विभाग को उनके खिलाफ कार्रवाई करने अथवा उनका वेतन आदि रोकने का कोई अधिकार नहीं है। नियमानुसार सिर्फ कुलाधिपति ही ऐसा कर सकते हैं। शिक्षा विभाग सिर्फ इसकी अनुशंसा कर सकता है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसा प्रचारित किया जा रहा है कि शिक्षा विभाग बिहार में उच्च शिक्षा को बेहतर करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन राजभवन एवं कुलपति इसमें बाधक बन रहे हैं। कुलपतियों ने बताया कि बीते एक साल से राजभवन एवं कुलपतियों के प्रयास से परीक्षाएं समय पर आयोजित कराई जा रही हैं और सत्र नियमित किए जा रहे हैं। शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को यह पसंद नहीं है और वे विचलित होकर इसमें बाधा डाल रहे हैं। राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में उनके प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू, बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### समाचारपत्र वितरकों ने 1100 दीप जलाकर मनाया हिंदू नववर्ष

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर समाचार पत्र विक्रेता संघ ने हिंदू नववर्ष धूमधाम से मनाया। मुख्य वितरण केंद्र स्टेशन परिसर में सभी समाचार पत्र विक्रेता बंधुओं ने 11 सौ दीप जलाकर, पुष्प सजाकर एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ कार्यक्रम शुरू किया। अध्यक्ष हरविंद नारायण भारती ने यह प्राकृतिक नववर्ष है। सभी पेड़, वनस्पतियां नई पत्तियां से सुसज्जित हैं। खेत खलिहान भी अन्न से भरे पड़े हैं। इसी विक्रमी संवत के दिन ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि रचना की थी। इसलिए इसे सृष्टि संवत भी कहा जाता है। सामाजिक समरसता के महान संत झूलेलाल जी जिन्होंने हिन्दू समाज की छुआछूत एवं भेदभाव जैसी विसंगतियों से मुक्तकर समरस समाज के स्वप्न को साकार करने के लिए अपना सर्वस्व लगा दिया। इसी दिन कालियुगाब्द भी बदल जाता है जो 1525 से 5126 हो गया और सबसे महत्वपूर्ण यह की अपना देश चरित्र एवं स्वत्व के आधार पर खड़ा हो इस सोच के साथ सखा पद्धति जैसी अनुपम व्यवस्था प्रदान करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी आज ही के दिन ही हुआ था। सभी वितरक बंधुओं ने एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी एवं मिठाई भी एक दूसरे को खिलाई। वितरक बंधुओं में उमेश मंडल, दिलीप यादव, एनके, अरविंद यादव, लालू दास, सौरव कुमार, विभीषण, ओझा जी आदि उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर कमर कसने का निर्देश

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** एसएसपी राकेश कुमार ने मंगलवार को जिले के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ मासिक क्राइम समीक्षा बैठक की। इसमें आगामी लोकसभा चुनाव और ईद पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस अधिकारियों को कमर कसने का निर्देश दिया गया। लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन नहीं कराने वालों पर निरोधात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव सभी थानेदारों को शीघ्र सौंपने का कहा गया। साथ ही असत्यापित हथियारों को लाइसेंसी दुकानों में जमा कराने के लिए भी सख्ती बरतने को कहा। लोकसभा चुनाव की व्यस्तता के बीच कांडों का निष्पादन नहीं पिछड़े इसके लिए भी एसएसपी ने सभी थानेदारों को टार्गेट सौंपा। पिछले माह बड़ी संख्या में पुलिस ने सीएसपी में लूटपाट करने वाले शातिरों की गिरफ्तारी की है। गिरफ्तार शातिरों ने फरार साथियों का नाम भी बताया है। क्राइम मीटिंग में फरार चल रहे चिह्नित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया है। सीएसपी, आभूषण दुकानों और ग्रामीण इलाके के बैंकों की नियमित चेकिंग पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया है। एसएसपी ने बताया कि ईद में उन इलाकों में अधिक सतर्कता बरती जाएगी, जहां पर पिछली बार कुछ विवाद हुआ है। कांडों के निष्पादन, फरार वारंटियों और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। चुनाव के दौरान निरोधात्मक कार्रवाई और बूथ स्क्रीनिंग आदि पर जोर देने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया है।

### बिहार यूनिवर्सिटी ने तीन खेलों की मेजबानी मांगी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बीआरएबीयू स्पोर्ट्स कौंसिल ने एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड को पत्र भेजकर अगले सत्र होने वाले ईस्ट जोन व ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल, कबड्डी व टेबल टेनिस (मेंस व वीमेंस) चैम्पियनशिप की मेजबानी का दावा किया है। कौंसिल के सचिव डॉ. अब्बास ने बताया कि बिहार यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. दिनेशचंद्र राय ने तीनों आयोजन के लिए अनुमति दे दी है। तीनों खेलों में बिहार यूनिविर्सिटी के खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। इसके लिए मार्गदर्शक के रूप में जुड़े पूर्व आईएएस पूर्व नेशनल एथलीट डॉ. संजय सिन्हा को इन मेजबानी से संबंधित तैयारियों और अन्य औपचारिकताओं को मॉनिटर करने की जिम्मेदारी दी गई।

### मतदाता सूची विखंडीकरण का काम शुरू

**भागलपुर, एजेंसी।** 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए सभी विधानसभा के लिए मतदाता सूची का विखंडीकरण का काम शुरू हो गया है। विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय में वोटर लिस्ट के विखंडीकरण कार्य में डेढ़ दर्जन कर्मियों की तैनाती की गई है। जो बूथ वाइज वोटर लिस्ट तैयार कर रहे हैं। वोटर लिस्ट के ऊपर पर्ची भी लगानी है कि कितने का नाम विलोपित हुआ है और कितने नये मतदाता बने हैं। बूथ पर स्त्री, पुरुष व अन्य मतदाता कितने हैं। दो दिन के अंदर सारा काम समाप्त होने के बाद डिस्पैच सेंटर से बूथ की ओर रवाना होने वाले कर्मचारियों को मतदान सामग्री के साथ ये वोटर लिस्ट दिए जाएंगे।

### कहलगांव एनटीपीसी में पाइप गिरने से 11 मजदूर घायल

**भागलपुर, एजेंसी।** एनटीपीसी कहलगांव के सीएचपी एरिया के कोयला हापड़ के समीप सात नंबर वॉयलर के नजदीक मेंटेनेंश का काम कर रहे मजदूरों पर पानी का लगभग 6 इंच मोटा पाइप गिरने से 11 मजदूर घायल हो गये। घटना मंगलवार की सुबह करीब 8.45 बजे की बतायी जा रही है। सभी घायल मजदूरों को आनन-फानन में संवेदक और एनटीपीसी कर्मियों ने एनटीपीसी के जीवन ज्योति अस्पताल कहलगांव में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल महेशामुंडा गांव निवासी मजदूर रविंद्र मंडल को भागलपुर रेफर किया गया। घायल मजदूरों ने बताया कि लगभग दो दर्जन मजदूर सीएचपी एरिया के सात नंबर वॉयलर मेंटेनेंस कर रहे थे। तुरंत काम शुरू करने के बाद पाइप टूटकर हमलोगों के ऊपर गिर गया। इस संबंध में एनटीपीसी के जनसंपर्क पदाधिकारी रविनारायण ने बताया कि सीएचपी कोयला यार्ड में एक नाली साफ करने के दौरान पेडस्टल पर लगी छह इंच की नष्ट हो चुकी पाइप लाइन टूटकर गिरने से 11 मजदूर घायल हो गये। मामूली रूप से घायल सभी को जीवन ज्योति अस्पताल में इलाज कराकर छुट्टी दे दी गयी। उन्होंने बताया कि एक मजदूर रविंद्र मंडल को ज्यादा चोटें आई हैं। उसका इलाज कराया जा रहा है।

# सड़क हादसे में जखमी की हुई मौत

**छह दिन पहले डिवाइडर से गाड़ी टकराने पर चार की हुई थी मौत**



**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** सड़क हादसे में जख्मी एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के निजी अस्पताल में मंगलवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी स्व. बृंदा सिंह के 57 वर्षीय पुत्र दयानंद सिंह हैं। वे पेशे से किसान थे। बता दें कि बीते गुरुवार की रात चरपोखरी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी राम लाल सिंह की पत्नी गुंजा देवी की हृदय गति रुकने के कारण मौत हो गई थी।

**कुछ की मौके पर ही हुई थी मौत :** सभी लोग सवारी गाड़ी रिजर्व कर उनके पार्थिव शरीर का दाह-संस्कार करने के लिए बक्सर जा रहे थे। जाने के क्रम में बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर धनगाई थाना क्षेत्र के औरैया टोला गांव के समीप उनकी सवारी गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। जिसमें चरपोखरी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी स्व. मुसाफिर सिंह के 65 वर्षीय पुत्र और मृतका गुंजा देवी के पति राम लाल सिंह, बिंदेश्वरी सिंह के 40 वर्षीय पुत्र कमलेश सिंह, स्व. बबन सिंह के 40 वर्षीय पुत्र कृष्ण सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।

**स्थित गंभीर होने पर पटना रेफर किया गया था :** जबकि दयानंद सिंह व पुत्र पवन कुमार समेत छह लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। जिसके बाद सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दयानंद सिंह की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। जहां पांच दिन चले इलाज के बाद मंगलवार को उन्होंने पटना के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन उनके शव को वापस आरा सदर अस्पताल ले आए।

सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी इंदू देवी, चार पुत्री कांति, रेखा, पूजा, रूबी व दो पुत्र रवि रंजन एवं अमन है।

## वैशाली में मुन्ना शुक्ला तीसरी बार चुनावी मैदान में, जेडीयू से हारे; अब आरजेडी ने टिकट दिया



**वैशाली, एजेंसी।** बिहार की वैशाली लोकसभा सीट पर लालू एवं तेजस्वी यादव की पार्टी आरजेडी ने पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला को प्रत्याशी बनाया है। मंगलवार देर शाम जारी कैंडिडेट लिस्ट में इसकी घोषणा की गई। महागठबंधन के लिए वैशाली सीट हॉट बनी हुई है। एनडीए पहले ही प्रत्याशी घोषित कर चुका है, यहां से लोजपा रामविलास की प्रत्याशी वीणा देवी चुनाव लड़ रही हैं। मौजूदा सांसद वीणा देवी और बाहुबली मुन्ना शुक्ला के बीच वैशाली में सीधी टक्कर होती दिख रही है। मुन्ना शुक्ला यहां से दो बार चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन कभी जीत नहीं मिली। एक बार जेडीयू के टिकट पर भी मैदान में उतरे। अब वे तीसरी बार आरजेडी के सिंबल पर वैशाली से कैंडिडेट हैं। कई दिनों से वैशाली सीट पर प्रत्याशी को लेकर आरजेडी में पेच फंसा था। वैशाली सीट पर पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला की लगातार दावेदारी बनी हुई थी। टिकट मिलने पर उनके समर्थकों में उल्लास का माहौल हो गया। लालगंज से मुन्ना शुक्ला तीन बार लगातार विधायक रह चुके हैं। पहली बार 2000 में लालगंज से निर्दलीय चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। इसके बाद 2005 की फरवरी में लोजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर जीत हासिल की। 2005 के नवंबर में हुए विस चुनाव में मुन्ना शुक्ला जेडीयू से चुनाव लड़े। इसमें भी उन्हें जीत हासिल हुई।

**आरजेडी का नए चेहरों पर दांव, 7 विधायकों को लोकसभा के मैदान में उतारा :** इसके बाद बृज बिहारी हत्याकांड में वे जेल चले गए। फिर 2010 में लालगंज से मुन्ना शुक्ला की पत्नी अन्नू शुक्ला जेडीयू के टिकट पर विधायक बनीं। 2015 में मुन्ना शुक्ला ने जेडीयू के टिकट पर चुनाव लड़ा था, जिसमें लोजपा के राजकुमार साह ने उन्हें हरा दिया। 2020 के विधानसभा चुनाव में यह सीट एनडीए में बीजेपी के खाते में चली गई, जिसके बाद मुन्ना शुक्ला ने निर्दलीय चुनाव में ताल ठोंकी, लेकिन इसमें वे सफल नहीं हुए। मुन्ना शुक्ला पहली बार 2004 में वैशाली लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़े थे, पर हार गए।

## बीजेपी नेता विशेश्वर ओझा हत्याकांड में 8 साल बाद आया कोर्ट का फैसला, 7 आरोपी दोषी करार



**भोजपुर, एजेंसी।** बिहार के बहुचर्चित बीजेपी नेता विशेश्वर ओझा हत्याकांड में करीब आठ साल बाद कोर्ट ने फैसला सुना दिया। गवाहों एवं साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी हरेश मिश्रा और उसके भाई ब्रजेश मिश्रा सहित सात आरोपियों को दोषी करार दिया है। इनमें हरेश मिश्रा और ब्रजेश मिश्रा को हत्या, हत्या की कोशिश एवं आर्म्स एक्ट, जबकि अन्य पांच को हत्या की कोशिश एवं आर्म्स एक्ट में दोषी पाया गया है। हालांकि, पुलिस की जांच में आरोपी बनाए गए अन्य 6 को कोर्ट ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया है।

भोजपुर की अपर जिला और सत्र न्यायाधीश-8 नीरज किशोर की ओर से मंगलवार को यह फैसला सुनाया गया। इसमें अब कोर्ट की ओर से 16 अप्रैल को सजा के बिंदु पर सुनवाई की जाएगी। हरेश मिश्रा और ब्रजेश मिश्रा आरा में करनामेपुर ओपी क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी शिवाजीत मिश्रा के बेटे हैं। अन्य दोषी आरोपियों में सोनवर्षा गांव के ही उमाकांत मिश्रा, बसंत मिश्रा, टुन्नी मिश्रा, ईश्वरपुरा गांव निवासी पप्पू सिंह और हरेंद्र सिंह उर्फ बुआ सिंह शामिल हैं। अपर लोक अभियोजक माणिक कुमार सिंह की ओर से यह जानकारी दी गई। बता दें कि बीजेपी ने विशेश्वर ओझा की हत्या का मामला सूबे में काफी चर्चित रहा था। ओझा की 12 फरवरी, 2016 को शाहपुर थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में गोली मारकर हत्या की गई थी। उस समय वे परसौंदा टोला में एक शादी में शामिल होने गए थे। बारात से गाड़ी से लौटते वक्त उनपर हमला किया किया गया। हत्या के आरोप में हरेश और ब्रजेश मिश्रा के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस केस के मुख्य गवाह की 2018 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# गर्मी की छुट्टियों में दिल्ली से बिहार का सफर होगा आसान, रेलवे चलाएगा क्लोन ट्रेनें



**पटना, एजेंसी।** बिहार के पटना एवं गया से दिल्ली के लिए क्लोन एक्सप्रेस ट्रेनें चलाई जाएंगी। पटना से चलने वाली ट्रेन संपूर्ण क्रांति और गया से चलने वाली महाबोधी एक्सप्रेस की क्लोन ट्रेन होगी। ये दोनों ट्रेन 15 से 21 अप्रैल और फिर 27 अप्रैल से 1 जुलाई तक प्रतिदिन चलेगी। रेलवे ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पटना और गया से आनंद विहार (दिल्ली) के लिए सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के परिचालन करने का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि 02351 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल 15 से 20 अप्रैल और 27 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक दिन शाम 4 बजे पटना जंक्शन से प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 6 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में 02352 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल 16 से 21 अप्रैल और 28 अप्रैल से 1 जुलाई तक प्रतिदिन आनंद विहार से सुबह 8 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात 9:55 बजे पटना पहुंचेगी। वहीं 03635 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल 15 से 20 अप्रैल और 27 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक दिन गया से दोपहर 2:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 5 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में 03636 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस 16 से 21 अप्रैल और 28 अप्रैल से 1 जुलाई तक प्रतिदिन आनंद विहार से सुबह 7 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात 8:45 बजे गया पहुंचेगी। बता दें कि यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे अक्सर अतिरिक्त ट्रेनें चलाता है। हाल ही में होली पर्व पर दिल्ली समेत देश के अन्य शहरों में काम करने वाले बड़ी संख्या में लोग बिहार अपने घर आए और वापस गए। इस दौरान रेलवे ने कई रूटों पर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाई थीं।

# बिहार में वज्रपात के साथ बारिश के आसार, पटना समेत इन जिलों में मौसम विभाग का अलर्ट



**पटना, एजेंसी।** मौसम विभाग ने बिहार में बुधवार को पटना समेत कई जिलों में आंधी और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। दक्षिण बिहार एवं कोसी, सीमांचल के इलाकों में ठनका गिरने की आशंका है। राज्य में अगले 24 घंटे के भीतर बारिश का दौर भी शुरू होगा। राजधानी पटना समेत कुछ जगहों पर 11 से 14 अप्रैल के बीच बूंदाबांदी की संभावना है। पटना सहित प्रदेश भर में अगले 5 दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 12 अप्रैल को मजबूत पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है। इसके आने से पहले तापमान में बढ़ोतरी होगी। इसके बाद गिरावट दर्ज की जाएगी। मंगलवार को पटना सहित 9 शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट और 22 में बढ़ोतरी हुई। वहीं राजधानी सहित 20 शहरों का न्यूनतम पारा गिरा और 11 का चढ़ा। प्रदेश के एकमात्र जिला शेखपुरा का तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। वहां तापमान 40.6 डिग्री पर पहुंच गया। हालांकि, प्रदेश के ज्यादातर शहरों में बादल के कारण तापमान तेजी से नहीं बढ़ा। मंगलवार को पटना के न्यूनतम तापमान में 0.6 और अधिकतम में 0.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। राजधानी का अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक बुधवार को पटना, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, अरवल, जहानाबाद, नवादा, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, बेगूसराय, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज और अररिया जिले में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। इस दौरान इन जिलों में एक-दो जगहों पर ठनका भी गिरने का खतरा है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने बुधवार सुबह तात्कालिक अलर्ट भी जारी किया। इसमें जमुई, बांका, भागलपुर, पूर्णिया और कटिहार जिले में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघगर्जना के साथ वज्रपात और बारिश की संभावना जताई गई।

## अब पूर्णिया जिले के रूपौली सीट पर उपचुनाव होगा

**राजद प्रत्याशी बीमा भारती ने विधानसभा से इस्तीफा दिया**



**पटना, एजेंसी।** पूर्णिया सीट से राजद उम्मीदवार बनी विधायक बीमा भारती ने विधनसभा सदस्य से इस्तीफा दे दिया है। बिहार विधानसभा सचिवालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। चुनाव आयोग को इसकी सूचना विधानसभा सचिवालय ने देते हुए बताया कि रूपौली की जदयू विधायक बीमा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। इससे रूपौली विधानसभा की सीट खाली हो गई है। इसके बाद अब विधानसभा में जदयू विधायकों की संख्या 44 हो गई है। करीब दो महीने पहले माले विधायक मनोज मंजिल की विधायकी चली गई थीं। वर्तमान विधानसभा में बीमा चौथी सदस्य हैं जिनके इस्तीफे से सीट खाली हुई है। इसके पहले मनोज मंजिल के साथ राजद के अनिल कुमार सहनी व अनंत सिंह की सजा होने के कारण विधायकी समाप्त हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### जबतक मनुष्य की कृति जिंदा रहती है, मनुष्य मर कर भी अमर रहती है– राजकुमार



**बेगूसराय।** जिला अंर्तगत बरौनी प्रखण्ड के सहुरी ग्राम निवासी बिहार सरकार के जलसंसाधन विभाग के मुख्य अभियंता चंद्र शेखरपासवान जी की श्रद्धांजली सह चौरासी भोज समारोहआयोजितकीगई। जिसकी अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक महेश्वर पासवान एवं मंच संचालन भोपाशारापा अंबेडकर इंटरनेशनल फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ० सुधीर पासवान ने किया। जिसमें बेगूसराय सांसद सह केन्द्रीय मंत्री माननीय गिरिराज सिंह, बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, बेगूसराय विधायक कुंदन सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष,सुरेंद्र पासवान, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष, रामरतन सिंह, बेगूसराय सांसद प्रतिनिधि, अधिवक्ता अमरेंद्र कुमार अमर, वैश्य, दलित, पिछड़ा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० राजकुमार आजाद, अमीरा हास्पिटल के निदेशक डॉ० संजय कुमार, सेवा निवृत्त उपकुलपति अर्जुन पासवान, द्विय सेवा निवृत्त समाहरणालय अधीक्षक , रामसुमरन पासवान एवं घनश्याम पासवान, पासवान समाज का वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता मकसुदन पासवान मकखी, सियाराम पासवान, जयशंकर चौधरी, स्थानीय मुखिया, जय जय राम सहनी, विनय सिंह, शिवशंकर मिश्र, अखिलेन्द्र पाठक, नित्यानंद सिंह, केदार पासवान, अमरेश पासवान, अशोक पासवान के अलावे अन्य लोगों ने भी स्वर्गीय अभियंता चंद्रशेखर पासवान के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने - अपने विचारों का उद्धबोधन किया। डा0 राजकुमार आजाद ने संबोधित करते हुए कहा कि " जबतक मनुष्य की कृति जिन्दा रहती है, मनुष्य मरकर भी अमर रहता है और बगैर कृति का मनुष्य जिन्दा रहकर भी लाश के समान रहता है। " स्व0 चंद्र शेखर पासवान जी के सभी सुपुत्रों एवं उनके सभी सगा संबंधियों ने सभी अतिथियों को चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया । इस कार्यक्रम में सहरसा जिला के संगीत कलाकारों ने अपने निर्गुण एवं समदन भजन गाकर अध्यात्मिक माहौल उत्पन्न कर देती है।

### पचंबा स्थित ट्रांसफार्मर के पास गोली मारकर एक व्यक्ति को घायल किया



**बेगुसराय।** बेगूसराय सिंघौल थानान्तर्गत ग्राम पचंबा स्थित ट्रांसफॉर्मर के पास विमल सिंह को गोली मारकर जख्मी करने के मामलें में पुलिस टीम द्वारा सभी पहलुओं पर को जा रही है जाँच । जल्द ही घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों को किया जाएगा गिरफ्तार। घटना का विवरणः- दिनांक 09.04.24 को समय करीब 7:20 बजे संध्या में सिंघौल थाना को सूचना मिली की एक व्यक्ति विमल सिंह पे०-स्व० रामचरितर सिंह सा०-पचंबा, वार्ड नं0-18 थाना-सिंघौल, जिला-बेगूसराय को पचंबा स्थित ट्रांसफार्मर के पास गोली मारकर जख्मी कर दिया गया है।प्राप्त सूचना पुलिस अधीक्षक बेगूसराय को दिया गया तथा निर्देशानुसार अविलंब सिंघौल थानाध्यक्ष पु०अ०नि० नवीन कुमार एवं सशस्त्र बल सिंघौल थाना के द्वारा सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू ग्राम पचंबा स्थित ट्रांसफार्मर के पास पहुँचकर मामलें की जाँच / छानबीन किया गया तो पाया गया की एक व्यक्ति विमल सिंह पे०-स्व० रामचरितर सिंह सा०-पचंबा, वार्ड नं0-18 थाना-सिंघौल, जिला-बेगूसराय को अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मारकर जख्मी कर दिया गया है जिसे स्थानीय लोगों एवं परिजनों के द्वारा ईलाज हेतू बेगूसराय अशोक शर्मा के क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। पुलिस टीम द्वारा अस्पताल पहुँचकर जख्मी व्यक्ति के संबध में पुछने पर चिकित्सकों के द्वारा जख्मी व्यक्ति की स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है। विधि-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।घटित घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक बेगूसराय द्वारा घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-01, बेगूसराय के नेतृत्व में सिंघौल थानाध्यक्ष पु०अ०नि० नवीन कुमार एवं सशस्त्र बल सिंघौल थाना को शामिल किया गया है। पुलिस टीम के द्वारा स्थानीय लोगों, परिजनों से पूछताछ एवं आसपास लगे सी०सी०टी०वी० फुटेज का अवलोकन करते हुए अपराधकर्मियों की पहचान स्थापित की जा रही है। जल्द ही घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### आठ साल के मोहम्मद आतिफ ने रखा रमज़ान का 30 रोजा



**बरौनी बेगूसराय।** भीषण गर्मी के बाद भी मासूम बच्चे शिद्दत के साथ गर्मी में रोजा रखकर इबादत कर रहे हैं। 30 से 35डिग्री टेम्प्रेचर में रोजा 14 घंटे से अधिक का होने के बाद भी छोटे तो दूर बड़े लोग भी रोजा मुश्किल से रख पाते हैं, ऐसे में इन बच्चों का हौसला काबिले तारीफ है। रमजान का महीना 11मार्च से चालू होकर 10 अप्रैल 30 दिनों तक जारी रहा, रमजान मार्च और अप्रैल महीने में पड़ने के कारण इस बार गर्मी भी तेज है। चिलचिलाती धूप के साथ दोपहर में गर्म हवाएं चलने से गर्मी और तपिश भी मुस्लिम समाज के बच्चों के हौसले को कम नहीं कर पाई। छोटे-छोटे मासूम बच्चे रोजा रखने में पीछे नहीं है। हर सुबह तीन बजे जब घर के लोग सेहरी के लिए उठते हैं तो बच्चे भी उठ जाते हैं। सेहरी करने के बाद बच्चों द्वारा नमाज अदा की जा रही है, रोजा रखने के अलावा बच्चों द्वारा अपनी स्कूल की पढ़ाई भी पूरी की जा रही है। 8 साल के बालक मोहम्मद आतिफ पिता मोहम्मद असफाक द्वारा रमजान के 30 दिनों से लगातार रोजा रखा जा रहा है।बच्चों ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए परिजन में परिवार के लोग रोजा रखने से मना करते हैं लेकिन रमजान का पवित्र महीने में लगातार रोजा रखकर समाज में एक मिसाल पेश की जा रही है। वही बच्चे के छोटे चाचा इस्तियाक ने बताया कि रमजान के इस पाक महीने आतिफ ने भी पूरे तीस रोजा रखकर इबादत कर रहे हैं।

### बासन्ती नवरात्र के आलोक में बुधवार को हुई मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा

**खोदावंदपुर/बेगूसराय।** बासन्ती नवरात्र के आलोक में बुधवार को मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा हुई. खोदावन्दपुर प्रखंड क्षेत्र के मेघौल एवं बाड़ा गांव के चैती दुर्गा मंदिरों में पंडितों द्वारा दुर्गा शप्तशती का पाठ जारी रहा. दुर्गा मंदिर बाड़ा के पुजारी व बाड़ा गांव निवासी पंडित बालेश्वर झा ने बताया कि मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी रूप की पूजा करने से धन धान्य की बृद्धि होती है.

### विंग कमांडर रणजीत को धमकी दिया जाना शर्मनाक

**बीहट (बेगूसराय)।** बीहट निवासी विंग कमांडर रणजीत कुमार सेवा निवृत देशभक्त,वतन की हिफाजत करने वाले सैन्य पदाधिकारी को भाजपा आई.टी. सेल के द्वारा फेसबुक पर जान से मारने की धमकी देने की निंदा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी,राष्ट्रीय जनता दल सहित महागठबंधन में शामिल सभी दल करती है।ये बातें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सीपीआई जिला मंत्री अवधेश राय तथा राजद जिलाध्यक्ष मोहित यादव ने संयुक्त रूप से कहा है।सीपीआई जिला मंत्री अवधेश राय एवं राजद जिलाध्यक्ष मोहित यादव ने संयुक्त बयान में कहा कि हम सब इस सैनिक पदाधिकारी की जान-माल की हिफाजत के लिए हर तरह की कुर्बानी देने के लिए तैयार हैं।मुख्य चुनाव आयुक्त,भारत निर्वाचन आयोग से अपील है कि विंग कमांडर रणजीत को जान से मारने की धमकी देने वाली भाजपा पार्टी के आईटी सेल को संरक्षण देनेवाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाय।नेता द्वय ने संयुक्त बयान में कहा भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लागू आचार संहिता के निर्देशों के उल्लंघन के अपराध में किसी ऐसी हरकत करने वालों पर तुरंत कार्रवाई नहीं करने पर चुनाव का माहौल नियंत्रण के बाहर हो जाने का खतरा है।इस घटना को लेकर दोनों पार्टियों ने बिहार निर्वाचन आयोग,जिला निर्वाची अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन को इस गंभीर मामले का संज्ञान लेने की अपील की है।

# पारिवारिक विवाद में महिला ने की आत्महत्या







चाणक्य भूमि। छौराही बेगुसराय

एक बच्चे की मां ने की फांसी लगाकर खुदकुशी परिवार में पसरा मातम। पिता ने दामाद पर प्रसारित का लगाया आरोप। छौराही थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नारायण पीपल से एक सनसनी खेत खबर प्रकाश में आया है जो दिल दहलाने वाली है। एक बच्चे की मां दुपट्टा से गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। इसकी सूचना गांव में जंगल की आज की तरफ फैल गई ग्रामीणों का हम पहुंचने लगा मामला पुलिस तक पहुंच गई। जानकारी मिलते ही एस आई मंजू कुमारी शस्त्र बल के साथ पहुंचकर सबको कब्जे में ले लिया। जानकारी देते नारायण पीपर गांव के वार्ड संख्या 12 निवासी मृतिका प्रीति कुमारी 21 वर्ष के पिता जीबछ महतो ने बताया कि 2022 में मेरे पुत्री की शादी दरभंगा जिला के और बहेरी थाना अंतर्गत खैरा गांव निवासी दीपक महतो के साथ हिंदू रीति रिवाज के अंतर्गत हुई थी। शादी के 6 मा पश्चात पति-पत्नी में बना नहीं हो रहा था जिसके कारण मेरे यहां रहने लगी उसे एक आठ माह का पुत्र सिद्धांत दूध मुंह है। मेरे दामाद के कारण ही विक्षिप्त होने लगी इलाज पटना में चल रहा था आज पति के कारण 8 मा का पुत्र को छोड़कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। माता बबीता देवी बहन परिवार परिजन का रो-रोकर हाल बुरा ह पुलिस ने मामला की छानबीन कर रही है।

## हिन्दू नववर्ष रामजीलाल सरस्वती मंदिर के छात्रों ने निकाली पथ संचलन





चाणक्य भूमि। तेघड़ा बेगुसराय

हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर रामजीलाल सरस्वती शिशु । विद्या मंदिर तेघड़ा द्वारा पंथ संचलन निकाली गई। संचलन पूर्व विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संस्थापक के सर संघचालक प्रणाम की गई एवं श्री महेश प्रसाद सिंह (पूर्वसचिव विद्या भारती) द्वारा स्वयसेवकों एवं आचार्यों को मार्गदर्शक प्राप्त हुई।तदुपरांत परम पूज्य डॉ केशव बलिराम हेडगवारजी का जन्म दिवस मनायी गई।तत्पश्चात रामजीलाल सरस्वती विद्या मंदिर तेघड़ा के भैया का भन्य पथ संचलन निकाली गई। संचलन विद्यालय से निकलकर तेघड़ा बाजार होते हुए कन्हैया भवन धर्मशाला में सम्पन्न हुआ। हिन्दू नववर्ष लयीत वर्ष प्रतिपदा ही हमारा नववर्ष है क्योंकि इस नववर्ष (चैत्र मास) में चारों तरफ फूल खिल जाते है पेड़ों पर नवी नयी पतियाँ निकल जाती है कड़ाके की ठंड से राहत मिल जाती है किसानों के घर में नया अनाज आ जाता है बैंकों में एवं सरकारी ऑफिसों, स्कूल, कॉलेजों का नया सत्र प्रारंभ होता है नया पंचांग महा है जिसेष सभी भारतीय पर्व, विवाह, मुण्डन और मुहुत देखे जाते है। इस प्रकार हमारे साथ-साथ प्रकृति भी नव वर्ष पथ संचलन में तेघड़ा बाजार के व्यवसाथियों ने छात्रों को विस्कुर, चॉकलेट, लॉलीपोप, फ्रुटी दिये। समापन में धर्मशाला में विद्यालय के अध्यक्ष श्री अनुपम कुमार "जी द्वारा बच्चों एवं स्वयंसेवकों, अभिभावकों को समोसे एवं मिठाईयों खिलाकर मुह मीठा कराया एवम नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर श्री चन्द्रदेव पालवान(सचिव), श्री अनुपम कुमार (अध्यक्ष) श्रीदेवदत्त सम्ह (सदस्य), श्री सियाराम प्रसाद (नगरसंघचालक) श्री उमेश जी (नगर कार्यवाह), श्री रजनीश जी (जिला प्रचार प्रमुख), श्री मिथिलेश कुमार (प्रधानाचारी अभिभावक श्री सुबोध जी, सुनील जी, डा० डा० कैलास जी, एवं सभी आचार्यजी एवं दीदीजी का गरिमामयी उपस्थिति रही।

### बखरी मे अंग्रेजी शराब के साथ के साथ महिला गिरफ्तार



चाणक्य भूमि। बखरी (बेगूसराय)

बखरी पुलिस ने थाना क्षेत्र के नदैल गांव से 32 बोतल विदेशी शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर विकाश कुमार राय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नदैल वार्ड 5 में चोरी छुपे विदेशी शराब बेची जा रही है। सूचना के सत्यापन हेतु एसआई उदय शंकर कुमार, सुजीत कुमार, सिपाही पिंकी कुमारी को भेजा गया। इस दौरान पुलिस ने नदैल निवासी रामबाबू खलीफा की पत्नी मुन्नी देवी को विदेशी शराब 32 बोतल 375 एमएल के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार महिला को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। बताते चले की लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चला रही है।

### तीन बच्चों के पिता प्रेमिका के साथ हुआ फरार, विवाहिता के शिकायत पर प्रेमी प्रेमिका को किया गिरफ्तार



चाणक्य भूमि। छौराही बेगूसराय

थाना क्षेत्र के शाहपुर पंचायत के वार्ड संख्या एक से अजीबो गरीब खबर प्रकाश में आया है जो शर्मसार कर रहा है। तीन बच्चों के बाप एक बच्चे की मां प्रेमिका के जाल में फंसकर फरार हो गया। जानकारी देते ग्राम पंचायतशाहपुर वार्ड संख्या एक निवासी स्वर्गीय दिलीप दास की पुत्री चांदनी कुमारी ने बताया कि तकरीबन 6 वर्ष पूर्व मेरी शादी गढ़पुरा गांव निवास मुसहरु दास के पुत्र धर्मेंद्र दास से हिंदू रीति रिवाज के अंतर्गत हुई थी। मेरे मन को मेरे सिवा और संतान नहीं था मैं अपने मायके में बस गई और इधर हमारे पति का चक्कर समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर थाना अंतर्गत नरहन स्टेट वार्ड संख्या तीन निवासी छेदी दास की पुत्री लक्ष्मी कुमारी के साथ चलने लगा। जबकि उसे भी एक पुत्र है अपने पुत्र और पुत्री का का परवाह नहीं करते हुए इश्क में पागल होकर प्रेमिका के साथ फरार हो गया इसकी सूचना हमने छौराही थाना मैं दिया। वहीं प्रेमिका लक्ष्मी कुमारी ने अपने परिवार वालों पर आरोप लगाते कहा कि मेरी मर्जी के बगैर मेरी शादी जागरण करवा दिया कई वर्षों से इसके साथ मेरा प्रेम प्रसंग चल रहा था यहां तक की हम दोनों कई बार संपर्क में भी आए हैं इसके बिना नहीं हम जिंदा रह सकते हैं। थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने कहा कि मला संगीत है प्यार का माजरा है इस तरीके से चलताया जाएगा। प्रेमी और प्रेमिका दोनों मेरे कब्जे में है। सामाजिक तौर पर इसे पता करने का प्रयास करेंगे।

## गोली मारकर एक व्यक्ति को घायल कर दिया गया

चाणक्य भूमि। बरौनी बेगुसराय



अपराधियों ने बीते देर शाम मोटरसाइकिल सवार एक युवक को गोली मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया।घायल व्यक्ति की पहचान फुलवरिया थाना क्षेत्र के मालती ग्राम निवासी बलराम चौधरी के पुत्र 23 वर्षीय कृष्ण कुमार चौधरी उर्फ सोनू के रूप में की गई है। बरौनी थाना से पश्चिम मोती चौक के पासव घात लगाए हुए अपराधियों ने मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को गोली मार दी। गोली लगते ही घायल व्यक्ति नीचे गिर गया। गोली बाये जाघ में लगने से पांव का एक नस बुरी तरह से नष्ट हो गया है। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। लेकिन तब तक गोली चलाने वाला अपराधी भागने में सफल रहा।घायल व्यक्ति की पहचान फुलवरिया थाना क्षेत्र के मालती ग्राम निवासी- स्वर्गीय बलराम चौधरी के पुत्र 23 वर्षीय कृष्ण कुमार चौधरी उर्फ सोनू की रूप में की गई है। घायल को तत्क्षण बरौनी के एक निजी क्लीनिक में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। घायल की स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे तत्क्षण रेफर कर दिया । निजी क्लीनिक के डॉक्टर के अनुसार गोली बाईं जांघ में लगने से मुख्य नस कट गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे बेगूसराय रेफर कर दिया गया है। जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जाती है। बरौनी थाना पुलिस के अनुसार जांच जारी है अपराधियों की शीघ्र पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## एनएसएस के द्वारा आरसीएस कॉलेज मंझौल में सफाई एवं वृक्षारोपण अभियान

चाणक्य भूमि। मंझौल। बेगूसराय





10 अप्रैल बुधवार को को राम चरित्र सिंह महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के पुरुष एवम महिला इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई एवम वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने परिसर में फैले प्लास्टिक के टुकड़े को इकट्ठा कर डस्टबिन में डालकर अन्य छात्र छात्राओं को कूड़ेदान का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विजयमल बैठा और डॉ. विजय कुमार पासवान के कर कमलों से दो महुए का पेड़ लगाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार पासवान ने वृक्षारोपण के लिए महुए के पेड़ के चयन के पीछे की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मध्य भारत को गोंडवाना लैंड भी कहा जाता है जहां गोंड जनजाति की बहुलता है। इनकी लोक कथाओं में यह प्रचलित है कि जब पृथ्वी पर मनुष्य का अस्तित्व आया तो महुआ पहला फल था जिसे आदिम मनुष्य ने खाया था। गोंडी भाषा में महुआ को किया कहा जाता है इसलिए इनका आदि धर्म कोयापुनेम के नाम से जाना जाता है। साथ ही प्रकृति में लगभग सभी पेड़ एक फल देता है परंतु महुआ एक ऐसा पेड़ है जिसमें हर वर्ष दो फल लगते हैं। महुआ की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके फल में सर्वाधिक कार्बोहाइड्रेट की मात्रा पाई जाती है। यही वजह है कि प्राचीन काल से ही इसका प्रयोग यहां के लोग अनेक तरह के खाद्य के रूप में प्रयोग करते आएं हैं। इस अवसर पर आज के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार पासवान ने प्रकृति में वृक्ष की महत्ता को जीवन से जोड़ कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। एनएसएस के इकाई 2 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामनंदन प्रसाद सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्रहित में अपने जीवन के बहुमूल्य समय अर्पित करने को प्रेरित किया। एनसीसी के एन ओ डॉ. रविकांत आनंद ने एनएसएस और एनसीसी के लिए आवश्यक सामग्री जल्द ही महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराने के आश्वासन के साथ इस तरह के कार्यक्रम में जोश के साथ भाग लेने के लिए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## तारा में आग लगने से एसवेस्टस नुमा घर जलकर हुई राख, काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू





चाणक्य भूमि। खोदावंदपुर/बेगूसराय

बुधवार की सुबह आग लगने से एसवेस्टस नुमा घर जलकर राख हो गयी. घटना की सूचना मिलते ही दर्जनों लोगों की भीड़ जुट गयी और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया. इस आगलगी की घटना में फफौत पंचायत के तारा गांव वार्ड 11 निवासी नेबी महतो के पुत्र रंजन महतो का एसवेस्टस का घर जलकर स्वाहा हो गया. उन्होंने बताया कि इस घटना में घर में रखें इनवेटर, बैट्री, पंखा, कपड़ा, अनाज, जलावन समेत हजारों मूल्य की समाग्री जलकर राख हो गया.

स्थानीय लोगों ने बताया कि घर से सभी लोग गेहूँ काटने बहियार चले थे, इस बीच अचानक आग लगने से घर का सारा समाग्री जलकर नष्ट हो गया. आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका. उन्होंने बताया कि घटना की सूचना अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष को भी दे दिये जाने की बात बतायी है.

## इंसानिया ही सबसे बड़ा धर्म होता है: फूल कुमार चौधरी

चाणक्य भूमि। बरौनी बेगुसराय



पवित्र माह ए रमजान का 29 वा रोजा पूरा हो चुका है। तो वही रोजा इफ्तार पार्टी का भी आयोजन का रफ़्तार तेज से बढ़ रहा हैं। नगर परिषद बरौनी फूलवाड़िया दो पूर्व मुखिया से भाई समाजसेवी फूल कुमार चौधरी के द्वारा 29 रोजा सोमवार को अपने आवास पर दावते ए इफ्तार पार्टी का अयोजन किया गया। वही इफ्तार के पूर्व देश में अमन चैन भाई चारे शांति और खुशहाली बना रहे इसके लिए दुआ किया गया। समाजसेवी फूल कुमार चौधरी ने कहा कि इस्लाम में एक माह का रोजा रखना सभी मुसलमानो पर फर्ज है। उन्होंनो कहा की इस तरह से दावते ए इफ्तार से आपसी भाइचारे बना रहता है। इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज भी अदा किया गया। वही इस इफ्तार पार्टी में शामिल समाजसेवी मोहम्मद लाल बाबू ने कहा कि दावते ए इफ्तार पार्टी से लोग में आपसी गिला शिकवा और मतभेद भुलाकर आते है। इस में हिंदू मुस्लिम वर्गो के लोग भी सामिल हुए और इससे आपसी भाई चारे प्रेम सौहार्द बढ़ता है। हाजी अजनबी साहब ने कहा कि फुल कुमार चौधरी एक नेक दिल इंसान हैं। वो गरीबों के बिच ही रहता है। और आज इस तरह से दावते ए इफ्तार पार्टी का अयोजन कर हिंदू मुस्लिम समुदाय में आपसी भाइचारे का संदेश दिया है। इस मौके पर उपस्थिति, हाफिज अब्दुल वहाब, मोहम्मद सत्तर, आदि मौजूद थे

# डीडीसी व बीडीओ ने किया बूथों का सत्यापन

## लोस चुनाव को लेकर अधिकारियों का मझौलिया में हुआ दौरा

चाण्क्य भूमि(कनकलता)



**बेतिया**। लोकसभा चुनाव को लेकर उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन ने लगभग तीन दर्जन बूथों का भौतिक सत्यापन किया। बीडीओ वरुण केतन ने बताया की चनपटिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मझौलिया प्रखंड के चनायन बांध , बरवा सेमरा घाट , हरपुर गढ़वा , रमपुरवा महनवा , डुमरी आदि पंचायत के लगभग तीन दर्जन बूथों का भौतिक सत्यापन किया गया । इस दौरान उन्होंने बूथ पर हर संसाधन की बारिकी से जांच की।बूथों पर पेयजल की व्यवस्था का निर्देश डीडीसी ने दी।रंग रोगन पर विशेष ध्यान देने कीबात कही।बहुत ऐसे बूथ मिले जहां मतदान केंद्र और भाग सँख्या अंकित करने का निर्देश दिया गया।बीडीओ वरुण केतन ने कहा कि ससमय सभी निर्देशित कार्य सम्पन्न हो जायेंगे।

# मारवाड़ी सम्मेलन बेतिया नव वर्ष के अवसर पर प्रतिपदा सप्ताह मना रहा है

चाणक्य भूमि बेतिया



हर साल की तरह इस वर्ष भी बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन बेतिया द्वारा हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर कई कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। सम्मेलन द्वारा इस वर्ष प्रतिपदा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को नगर के विभिन्न स्थानों पर सम्मेलन के सदस्यों द्वारा द्वारा शुभकामना संदेश का बैनर लगाया गया। आज बुधवार को श्री राणी सती दादी मंदिर के पास लगभग 2000 व्यक्तियों के बीच खीर का प्रसाद वितरण किया गया। खीर वितरण की शुरुआत प्रेम सोमानी एवं विश्वनाथ झुनझुनवाला द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए उपाध्यक्ष रवि गोयनका ने बताया कि सम्मेलन द्वारा इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातनी परंपरा को जन जन तक पहुंचाना है। साथ ही लोगों में यह जागरूकता लानी है कि आधुनिकता की दौड़ में अपनी परम्पराओं को ना भूलें। उक्त अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन के सदस्य संजय जैन, प्रदीप अग्रवाल, सुभाष रूंगटा, सुरेश सिंघानिया, प्रदीप केशान, भरत सर्राफ, पुरुषोत्तम सिंघानिया, गणेश काजरिया, अतुल गोयनका, हनुमान सोंथालिया अन्य उपस्थित रहे।






# आशा फैसिलिटेटरों की हुई समीक्षा बैठक सह उन्मुखीकरण

**बैठक मे जेई /एईएस एवं परिवार नियोजन के साधनों पर हुआ प्रशिक्षण साथ ही समय पर चमकी के लक्षण की पहचान पर जोर दिया है**

चाणक्य भूमि मोतिहारी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के तहत चकिया अनुमंडल के अन्तर्गत मेहसी, चकिया, केसरिया एवं कल्याणपुर प्रखंड के सभी आशा फैसिलिटेटरों एवं प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरकों का समीक्षा बैठक सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन डीसीएम नन्दन झा के अध्यक्षता में चकिया अनुमंडलीय अस्पताल के सभागार में आयोजित किया गया| बैठक में अमित कुमार, जिला प्रबंधक, पी.एस.आई. इंडिया के द्वारा महिला बंध्यकरण, पीपीआई यूसीडी, इन्जेक्शन अंतरा एंव संस्थागत प्रसव पर स्वास्थ्य उप केन्द्रवार डाटा प्रस्तुत किया गया, साथ ही सभी प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक एंव आशा फेसिलिटीटर को समीक्षा बैठक के दौरान जेई /एई एस एवं परिवार नियोजन के साधनों पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया| बैठक में पी.एस.आई. इंडिया के तरफ से संजीव कुमार पाण्डेय, पिरामल से राजेश कुमार गिरी एंव अरविन्द कुमार सिंह, उत्प्रेरक धर्मेन्द्र कुमार, अजय कुमार, नजीमूल रहमान एंव विनय कुमार ने भी महत्वपूर्ण बातें बताई। मौके पर डीसीएम नंदन झा ने कहा की "आशा" राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसलिए आशाओं को कार्यकम के सफल क्रियान्वयन हेतु समय-समय पर प्रशिक्षण एवं अनुश्रवण अतिआवश्यक होता है। डीसीएम ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से आशा फैसिलिटेटरों का क्षमता वर्धन होगा। इसके माध्यम से आशा कार्यकर्ताओं को शिशुओं की गंभीर रोगों से देखभाल संबंधी जानकारियां, मां को शिशुओं की देखभाल संबंधित जानकारी व परामर्श, नवजात शिशुओं में रक्त संक्रमण की पहचान एवं जांच के साथ स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गईं है।आशा फेसिलिटेटर को स्वास्थ्य देखभाल के लिए गर्भवती महिलाओं को सलाह देने, घरों में नवजात शिशुओं के पास जाकर शिशुओं की देखभाल करने और स्तनपान के बारे में जानकारी दी गयी।पीएसआई के जिला प्रतिनिधि अमित कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का लाभ लेकर आशा फैसिलिटेटर अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन बेहतर तरीके से कर सकेंगी। साथ ही, समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा का लाभ पहुंचाएंगी। इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा। प्रशिक्षण सत्र में आशा कार्यकर्ताओं को लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने, महिलाओं को प्रसव पूर्व की तैयारियां, सुरक्षित प्रसव, सुरक्षित गर्भपात, समय से पूर्व जन्मे कम वजन वाले शिशु के समय कम करने का तरीका बताया गया । डीसीएम नंदन झा ने आशा फैसिलिटेटरों को बताया की चमकी के लक्षण की जानकारी बेहद आवश्यक है,समय पर चमकी के लक्षण की पहचान होने पर बच्चों को सुरक्षित किया जा सकता है, उन्होंने कहा की सभी अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करें, वहीं बच्चों के माता पिता इस बात का खास ख्याल रखें कि बच्चे किसी भी हाल में जूठे और सड़े हुए फल नहीं खाए., बच्चों को गंदगी से बिल्कुल दूर रखें, खाने से पहले और खाने के बाद हाथ जरूर धुलवाएं, साफ पानी पिएं, बच्चों के नाखून नहीं बढ़ने दें, बच्चों को गर्मियों के मौसम में धूप में खेलने से भी मना करें, रात में कुछ खाने के बाद ही बच्चे को सोने के लिए भेजें। चमकी बुखार में बच्चे को लगातार तेज बुखार रहता है, बदन में ऐंठन होती है. बच्चे दांत पर दांत चढ़ाए रहते हैं. कमजोरी की वजह से बच्चा बार-बार बेहोश होता है. यहां तक कि शरीर भी सुन्न हो जाता है और उसे झटके लगते रहते हैं।






# अगलगी से ईद की खुशियां मातम में बदली



चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**महानवा रमपुरवा में हुई अगलगी,लाखो की क्षति, पांच घर जले**

**बेतिया**। बुधबार को दिन के दोपहर रमपुरवा महानवा पंचायत में अचानक लगी आग से एक ही समुदाय की पांच झोपड़ियां जलकर नष्ट हो गया।मुखिया चंद्रिका साह की सूचना पर अग्निशमन दल हरक्कत में आया और घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।इस दौरान कपड़ा अनाज घरेलू सामग्री जलकर नष्ट हो गया।अगलगी में इरशाद आलम,नौशाद आलम,इजहार आलम,इम्तियाज आलम, तथा इशहाक मिया का घर जलकर नष्ट हो गया। गौरतलब बात यह कि जब घटना हुई उस वक्त सभी लोग सरिसवा बाजार में ईद की खरीददारी करने गये थे।















# ईद रामनवी को लेकर हुई ने किया शांति समिति बैठक



चाणक्य भूमि

प्रखंड के पुरुषोत्तमपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में बुधवार को पुरुषोत्तमपुर थाना अंतर्गत सभी गाँव के जन प्रतिनिधि एवं ग्रामीण के बीच शांति समिति बैठक का कार्यक्रम का आयोजन किया गया । ईद और रामनवमी सौहार्दपूर्ण व सद्भाव के बीच मनाना है । जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता मद्देनजर रखते हुए ईद और रामनवी सद्भाव के साथ मनाने एवं हुए जुलूस के रूप में नहीं घूमने के बारे में बताया गया । थाना अध्यक्ष ने कहा कि ईद का पर्व घर एवं समाज के साथ मिलकर मनाये, हुड़दंग करने वाले को किसी भी सूरत बक्सा नहीं जाएगा थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि अगर हुड़दंग करते हुए कोई भी व्यक्ति पकड़े जाते है । उन पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी । एस आई विशेश्वर् यादव, राज नारायण कौशिक एवं जिसमें जन प्रतिनिधि भेडिहारी मुखिया नेशार अहमद, मधुरी शमशाद अहमद, राज वंशी प्रसाद, मो० जहांगीर , मुस्तफा आलम,सोनू कुमार ,शिकंदर शाह, मुबारक मिया, शेख मनीर, लाल बाबू, शेख ,ग्रामीण आदि शामिल थे ।

# दहेज के लिये हत्या का प्रयास का मामला दर्ज




चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

**ससुरालवालों द्वारा विवाहिता पर मिट्टी तेल छिड़ककर जलाने की कोशिश का मामला शिकारपुर थाने मे दर्ज कराया गया है। बाइक और एक लाख रुपए की माँग की जा रही थी**

शिकारपुर थाने मे विवाहिता को जान से मारने का प्रयास का मामला ससुराल वालों द्वारा दर्ज कराया गया है। शिकारपुर थाना क्षेत्र के सोनासति गांव की विवाहिता ने शिकारपुर थाने में आवेदन देकर अपने ससुरालवालों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। महिला के आवेदन पर FIR दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस के अनुसार पीड़ित महिला सबिता देवी के आवेदन पर एफ आई आर दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रही है। अपने आवेदन में महिला ने बताया कि उसकी शादी 5 साल पहले सोनासति गांव निवासी प्रमोद राम से हुई थी, शादी के बाद से ही दहेज में बाइक, एक लाख रुपए और फर्नीचर की माँग करने लगे, माँग पूरी नहीं होने के वजह ससुराल में प्रताड़ित होने लगी। महिला के अनुसार जब उसने मायके से दहेज माँगने से मना कर दिया तब ससुरालवालों ने लोहे की रॉड से मारकर उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया। आवेदन में विवाहिता ने यह भी बताया कि उसके पति और ससुराल के लोग उसके शरीर पर मिट्टी तेल छिड़ककर जान से मारने का प्रयास भी किया। हालांकि, आसपास के लोगों के आने के बाद उसकी जान बच सकीं ।












# GMCH अधीक्षक ने ड्यूटी से गायब डॉक्टरों की जाँच की बात कही

**हालाँकि डॉक्टरों के ड्यूटी से गायब रहने को लेकर शिकायत हमेशा आती रहती है पहले भी डॉक्टर के बदले दूसरे व्यक्ती द्वारा ड्यूटी का मामला सामने आया था परंतु सिर्फ जाँच की बात कही जाती है**

चाणक्य भूमि बेतिया



GMCH में डॉक्टर की अनुपस्थिति की वजह से बच्चे की मौत के बाद अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुधा भारती की द्वारा जाँच की बात कहना सिर्फ दिखावे की कारवाई मानी जा सकती है क्यूँकि अगर अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा नाम का खुलासा नहीं करने की शर्त पर बताया गया कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कई डॉक्टर अक्सर ड्यूटी से गायब रहते हैऔर ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी बड़े अधिकारियों को नहीं रहती। हालाँकि उनके इस ब्यान की सत्यता की पुष्टि हम नहीं करते। उनके आरोपों की जाँच के बाद ही पता चलेगा कि आरोपों में कितनी सच्चाई है। कर्मचारियों द्वारा यह भी बताने की कोशिश की गई कि अधीक्षक कार्यालय में सिर्फ दो लोगों की ही चलती है हालाँकि कर्मचारी खुलकर नहीं बोलने की वजह शायद इन्हीं दोनों चेहरे का डर है परंतु कर्मियों ने साफ़ साफ़ बताया कि दोनों की सम्पत्ति की जाँच की जाय तो इसका खुलासा हो सकता है। परंतु हर कोई इनका नाम बताने से परहेज करता रहा। हालाँकि हम इसकी पुष्टि नहीं करते परंतु अगर देखा जाय तो सभी जानते है कि अधीक्षक कार्यालय को कौन से दो चेहरे चलाते है। इस बात की शिकायत भी बार-बार सामने आती रहती है कि वरीय चिकित्सक स्वयं ड्यूटी नहीं करते हैं। अपने बदले में मेडिकल कॉलेज में अध्यनरत छात्र-छात्राओं से ड्यूटी करवा रहे हैं। सवाल यह उठता है कि क्या पहले कभी अधीक्षक महोदय ने इसकी जाँच की है या नहीं।

# शारदा हेल्थ क्लीनिक बेतिया को सील करने की मांग

## सिविल सर्जन को पत्र देकर हस्तक्षेप की मांग

चाण्क्य भूमि बेतिया सम्बाददाता

**बेतिया**। लालबाजार बेतिया निवासी प्रशांत राजगढ़िया ने सिविल सर्जन श्रीकांत दुबे को एक पत्र देकर अपनी कीमती जमीन को हड़पने का आरोप लगाते हुए उक्त भूभाग पर अवस्थित शारदा हेल्थ क्लीनिक को सील कराने की मांग की है।उल्लेखनीय है कि यह क्लीनिक अबैध तरीके से गोविंद राजगढ़िया,निशांत राज,केदार प्रसाद तथा शारदा देवी द्वारा हड़प कर अस्पताल खोल दिया गया है।सभी शांति नगर बेतिया थाना बेतिया नगर निवासी है। यह अस्पताल मेडिकल विभाग के माप दंड के मुताबिक नही है।पूर्व में भी इस वावत शिकायत की गई थी।परंतु कोई नतीजा नही निकला।पत्र में गहनता से जांच कर करवाई करने की मांग की है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714